Seventeenth Loksabha

an>

Regarding issue of frequent deaths caused by accidents on Varanasi-Lucknow National Highway No. 731

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): धन्यवाद, सभापति महोदय ।

महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 – बनारस से लखनऊ, जो हमारे जौनपुर से होकर गुजरता है। एनएचएआई ने बहुत अच्छी सड़क बनाई है। माननीय गडकरी जी अच्छा काम करते हैं तो उनकी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल नहीं है। यहां सवाल यह है कि उसका एक स्ट्रेच, जो सिरकोनी से बदलापुर का है, बहुत ही एक्सीडेंट-प्रोन है, जानलेवा है। हर हफ्ते में पांच से दस मौतें वहां हो जाती हैं। क्या कारण है इसका? वहां न अंडरपास बना है, न ओवरब्रिज बना है। एक तरफ का किसान अपना ट्रैक्टर लेकर खेती करने दूसरी तरफ कैसे जाएगा? लड़के-लड़कियां, स्कूल के बच्चे और आम पब्लिक कैसे एक तरफ से दूसरी तरफ रोड पार करेंगे? रोड पार करते ही तेज रफ्तार से आने वाली गाड़ियां उनको रौंद देती हैं, जिनका पता भी नहीं लगता है, क्योंकि वहां सीसीटीवी कैमरे भी नहीं हैं। यह जो सड़क जनता की सुविधा के लिए बनाई गई है, वह जौनपुर के लोगों के लिए, खास तौर से उस एरिया में रहने वाले लोगों के लिए एक जानलेवा, मौत की सड़क साबित हो रही है।

मैं आपके माध्यम से गुज़ारिश करता हूं कि उस तेज रफ्तार से जाने वाली गाड़ियों के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, क्योंकि वह रौंद कर चला जाता है और पुलिस या कोई पता भी नहीं कर पाता है कि गाड़ी का क्या नम्बर था या कौन सी गाड़ी थी। अंडरपास और ओवरब्रिज बनाए जाएं। दोनों तरफ के जानवर एक तरफ से दूसरी तरफ न जाएं, क्योंकि वे अकस्मात सामने आ जाते हैं, एक्सीडेंट हो जाता है, इसके लिए वहां बार्ब्ड वायर लगाया जाए, फेंसिंग की जाए। वहां पर कुछ इमरजेंसी सर्विसेज का भी इंतजाम किया जाए। वहां रेगुलर पुलिस पेट्रोलिंग तो होनी चाहिए, लेकिन वह मैं बाद में बताऊंगा कि वहां जौनपुर में पुलिस का क्या हाल है। वहां पुलिस पेट्रोलिंग न करके कुछ और करती रहती है।

माननीय सभापति: सब बातें शून्य प्रहर में नहीं कही जा सकती हैं।

श्री श्याम सिंह यादव: सभापति महोदय, मेरे कहने का मतलब है कि मेरी इन बातों पर गौर किया जाए। वहां पर अंडरपास और ओवरब्रिज जल्दी से जल्दी बनाकर लोगों की जान को खतरे से बाहर किया जाए। धन्यवाद।